



# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

मई -2019

अन्दर के पृष्ठों पर........

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ


विविध

### उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार मुख्यालय का भ्रमण कार्यक्रम



दिनांक 12.04.2019 : पश्चिम बंगाल से संवर्ग परिवर्तन के फलस्वरूप उत्तर प्रदेश आये वर्ष 2012 बैच के सीधी भर्ती के आई0पी0एस0 अधिकारी श्री राजकरन नैय्यर का उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार मुख्यालय, लखनऊ का भ्रमण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। श्री एस0पी0 सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर द्वारा श्री नैय्यर को 'पद्म श्री छत्रपति जोशी सभागार' का भ्रमण कराते हुए सभागार में विभागीय कार्मिकों के तकनीकी उन्नयन हेतु की गयी व्यवस्थाओं एवं प्रदर्शित संचार/सीसीटीवी उपकरणों से परिचित कराया गया। इस सभागार में उ.प्र. पुलिस द्वारा पूर्ववर्ती वर्षों में प्रयोग किये गये विभिन्न संचार उपकरणों के महत्वपूर्ण अवयव अर्थात् वेक्यूम ट्यूब्स, मॉड्यूल्स, मोर्स-की इत्यादि प्रदर्शित किये गये हैं। साथ ही साथ पेजर, रिंगर टेलीफोन, एच0एफ0 आवृत्ति के वायरलेस सेट, वी0एच0एफ0 आवृत्ति के एनॉलाग एवं डिज़ीटल तकनीकी के स्टैटिक/मोबाईल एवं हैण्ड हेल्ड वायरलेस सेट, पी0टी0ज़ेड0 कैमरे, इत्यादि उपकरण भी प्रदर्शित किये गये हैं। सभागार में व्यवस्थापित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्रणाली को भी दिखाया गया।

श्री नैय्यर को रेडियो मेल/क्यू-मेल/संकेत कक्षों एवं केन्द्रीय कर्मशाला का भ्रमण क्रमशः श्री संजय कनौजिया, सहायक रेडियो अधिकारी एवं श्री बाबूराम यादव, अपर राज्य रेडियो अधिकारी द्वारा विस्तृत रुप से कराया गया। श्री संजय कनौजिया द्वारा रेडियो मेल, क्यू-मेल, पोलनेट एवं एच0एफ0 संचार इत्यादि की तकनीकी एवं वर्तमान समय में सभी संचार के साधनों की प्रासंगिकता एवं आवश्यकता को स्पष्ट किया गया। श्री बाबूराम यादव द्वारा कर्मशाला में मरम्मत कार्य को अत्यंत बारीकी से समझाया गया। केन्द्रीय कर्मशाला में कम्प्यूटर मरम्मत, सीसीटीवी कैमरों की मरम्मत, एच0एफ0 सेट मरम्मत, वी0एच0एफ0 सेट मरम्मत, पॉवर सप्लाई एवं ड्राईफिट बैट्री मरम्मत, सेटों की टेस्टिंग हेतु कम्युनिकेशन टेस्ट सेट इत्यादि की व्यवस्था को सजीव रूप से अवलोकित कराया व स्पष्ट किया गया। श्री सुनील कुमार शुक्ल, राज्य रेडियो अधिकारी ने पुलिस रेडियो संगठन के सम्बन्ध में सारगर्भित पॉवर प्वाइन्ट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से संगठन के कार्यकलापों की जानकारी दी। श्री नैय्यर को विभाग में संचार उपकरणों एवं संचार उपकरणों के सहवर्ती उपकरणों के संग्रहालय एवं महत्वपूर्ण ऐतिहासिक महत्व के छायाचित्रों का भ्रमण/अवलोकन श्री वी0के0 वर्मा, रेडियो निरीक्षक द्वारा कराया गया। भ्रमण के दौरान पुलिस दूरसंचार में प्रयोग किये जा रहे विभिन्न आधुनिकतम संचार उपकरणों का सजीव प्रदर्शन कर उनकी विशेषताओं के सम्बन्ध में भी विस्तार से जानकारी दी गयी। श्री नैय्यर द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे गये तथा अधिकारियों द्वारा उनकी शंकाओं का समाधान किया गया।



## सराहनीय कार्य

● निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विघ्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| मा0 प्रधान मंत्री, भारत सरकार | |
| 27.04.2019 | कन्नौज, सीतापुर, हरदोई |
| 26.04.2019 | वाराणसी |
| 25.04.2019 | बाँदा, वाराणसी |
| 20.04.2019 | आगरा, बरेली,एटा |
| 14.04.2019 | मुरादाबाद, आगरा |
| 11.04.2019 | अलीगढ़, मुरादाबाद |
| 05.04.2019 | अमरोहा, अमेठी, सहारनपुर |
| मा0 मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश | |
| 27.04.2019 | शाहजहाँपुर |
| 26.04.2019 | वाराणसी |
| 25.04.2019 | वाराणसी, आजमगढ़ |
| 24.04.2019 | वाराणसी |
| 23.04.2019 | चन्दौली |
| 21.04.2019 | हरदोई, रामपुर |
| 20.04.2019 | बिजनौर, आगरा, बरेली, एटा |
| 18.04.2019 | वाराणसी |
| 14.04.2019 | अलीगढ़, मैनपुरी |
| 12.04.2019 | वाराणसी |
| 11.04.2019 | अलीगढ़ |
| 10.04.2019 | बदायूँ, बरेली |
| 09.04.2019 | बरेली |
| 08.04.2019 | शामली, बिजनौर |
| 05.04.2019 | अमरोहा, मुरादाबाद |
| 02.04.2019 | वाराणसी |
| मा0 उप मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश | |
| 09.04.2019 | मुरादाबाद |
| 08.04.2019 | बिजनौर |
| 02.04.2019 | कौशाम्बी, बरेली |
| अन्य | |

| | | |
|---|---|---|
| मा0 उप राष्ट्रपति, भारत सरकार | 05.04.19 | लखनऊ |
| मा0 गृह मंत्री, भारत सरकार | 14.04.19 | बिजनौर, बदायूँ |

▪ जनपद बलरामपुर के देवीपाटन मन्दिर, तुलसीपुर में दिनांक 06.04.2019 से प्रारम्भ होकर एक माह तक चलने वाले मेले हेतु निर्विघ्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

## संचार व्यवस्था में सुधार कार्य

▪ जनपद शामली, मुज़फ्फरनगर एवं सहारनपुर की आपस में संचार व्यवस्था को सुदृढ़ किये जाने तथा ज़ोनल कन्ट्रोल, मेरठ से दिन–रात में संचार कायम रखने हेतु देवबन्द (सहारनपुर) फायर स्टेशन की छत पर रिपीटर हेतु 80 फिट का एण्टीना एवं थाना मंसूरपुर (मुज़फ्फरनगर) पर रिपीटर हेतु 70 फिट के एण्टीना पुनः अधिष्ठापित किये गये हैं।

इस कार्य में निम्न अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा सराहनीय योगदान दिया गया है–1. श्री राम निवास, रेडियो निरीक्षक, सहारनपुर, 2. श्री सतीश कुमार, रेडियो उपनिरीक्षक, मुज़फ्फरनगर, 3. श्री सुरेन्द्र पाल सिंह, रेडियो उपनिरीक्षक, सहारनपुर, 4. श्री राम बहादुर सिंह, प्र0परि0यॉ0/3506, सहारनपुर।

## कल्याणकारी कार्य

● पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में अप्रैल–2019 में 1,111 कार्मिकों का उपचार किया गया।

## मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश / उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज के आदेश/निर्देश

1. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के आदेश संख्याः डीजी–तीन–निर्देश–2019 दिनांक 09.04.2019 द्वारा सामान्य जन के बीच पुलिस विभाग की सम्माननीय छवि का निर्माण किये जाने हेतु राज्य पुलिस के प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी से उच्चकोटि का आचरण प्रदर्शित करने, सर्वदा विनम्र होने, चुस्त–दुरस्त होने, साफ–सुथरी वर्दी पहनने एवं अवांछनीय आचरण यथा शराब पीने, जुआ खेलने, आदि अन्य बुरे आचरण न करने की अपेक्षा की गयी है। साथ ही गरिमा व आत्म सम्मान बनाये रखने, उच्चाधिकारियों से विनम्रता व शालीनतापूर्वक व्यवहार करने, मानवीय गरिमा के अनुकूल शब्दों का प्रयोग किये जाने तथा अधिकारिक सम्बन्धों में वरिष्ठ अधिकारियों के चरण स्पर्श न करना, विशेषकर वर्दी में, को सार्वजनिक स्वस्थ परम्परा के अनुकूल न होने के कारण इससे बचने की अपेक्षा की गयी है।

2. पुलिस अधीक्षक (वि0प्र0), उ0प्र0 के अ0शा0 पत्र संख्याः डीजी–दस–वि0प्र0– वि.वि.स.फो.(55)/19 दिनांक 01.03.2019 द्वारा विभिन्न न्यायालयों में भारी संख्या में योजित कर्मियों के सेवा सम्बन्धी मुकदमों के निस्तारण हेतु पूर्व में गठित विभागीय विवाद समाधान फोरम को सक्रिय किये जाने सम्बन्ध आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये हैं।

## रेडियो मुख्यालय के आदेश

● उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ऑपरेशन के आदेश संख्याः एफ–944/2019 (बाढ़) दिनांक 23.04.2019 द्वारा अपने–अपने परिक्षेत्र से सम्बन्धित जनपदों में संलग्न सूची (वर्ष–2019 में अधिष्ठापित कराये जाने वाले बाढ़ बेतार केन्द्र) के अनुरुप (सिंचाई भवन, लखनऊ को छोड़कर) निर्धारित तिथि 01.06.2019 से पूर्व बाढ़ संचार केन्द्र अधिष्ठापित करने हेतु सम्बन्धित जनपदीय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किये जाने हेतु समस्त पुलिस महानिरीक्षक/उप महानिरीक्षक परिक्षेत्र (इलाहाबाद/कानपुर को छोड़कर) से अनुरोध किया गया है।

## प्रशिक्षण

1. दिनांक 01.01.2019 से दिनांक 26.04.2019 तक सम्पन्न 93वें ग्रेड–प्रथम दल में प्रशिक्षण हेतु सम्मिलित 41 प्र0परि0यॉ0/प्र0परि0 को दिनांक 26.04.2019 के अपरान्ह में प्रशिक्षण की समाप्ति पर नियुक्ति स्थल हेतु कार्यमुक्त किया गया।

2. दिनांक 12.11.2018 से दिनांक 11.03.2019 तक सम्पन्न 94वें ग्रेड–द्वितीय दल के सभी 52 प्रशिक्षणार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए।

3. दिनांक 16.04.2019 को प्रशिक्षण केन्द्र में मासिक मेस गोष्ठी सम्पन्न हुई।

## सेवानिवृत्ति

● उ0प्र0 पुलिस रेडियो से माह अप्रैल–2019 में निम्न 12 अराजपत्रित कार्मिक अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए–

1. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सुनील कुमार यादव, रेडियो मुख्यालय, 2. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राजेश कुमार वर्मा, रेडियो मुख्यालय, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सत्य प्रकाश, अम्बेडकरनगर, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम विलास, प्रयागराज, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सुरेन्द्र सिंह राजपूत, अमरोहा, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अकील अहमद खॉ, बहराइच, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अरुणकान्त पाण्डेय, रेडियो मुख्यालय, 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री हरिद्वार सिंह, रेडियो मुख्यालय, 9. प्रधान परिचालक/300, श्री इंतजार हुसैन, लखनऊ, 10. प्रधान परिचालक/303, देव नारायण तिवारी, बाँदा, 11. प्रधान परिचालक/2519, रामेश्वर मिश्रा, पीएसी मुख्यालय, 12. सहायक परिचालक /5191, राजकुमार तिवारी, कौशाम्बी।



## विविध

● उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज के पत्र संख्याः आधु0सेल–(आधु0स्था0)2019 दिनांक 29.04.2019 द्वारा आधुनिकीकरण योजना के अन्तर्गत सम्बन्धित समस्त पत्राचार यथा माँग/प्रस्ताव दिनांक 01.04.2019 से अपर पुलिस महानिदेशक, लॉजिस्टिक सेल, जवाहर भवन, चतुर्थ तल, उ0प्र0, लखनऊ से किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

● दिनांक 27.04.2019 : लखनऊ ज़ोन का चिल्ड्रेन समर कॉर्निवल–2019 पुलिस लाइन, लखनऊ में श्रीमती नीलम सिंह, अध्यक्षा, वामा सारथी (उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन), धर्मपत्नी श्री ओ0पी0 सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के मुख्य अतिथ्य में सम्पन्न हुआ। श्रीमती सिंह ने चिल्ड्रेन पार्क का शुभारम्भ भी किया। कॉर्निवल में पुलिस परिवार के बच्चों ने चित्रकला प्रदर्शनी, मतदाता जागरुकता नुक्कड़ नाटक, नृत्य, गायन में प्रतिभा प्रदर्शन कर पुरस्कार अर्जित किये। श्रीमती सिंह ने पुलिस मॉर्डन स्कूल के कक्षा 8, 9 व 10 की परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया।








● कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक, पीएसी मध्य ज़ोन एवं सचिव उ0प्र0 पुलिस स्पोर्ट्स कण्ट्रोल बोर्ड, लखनऊ के पत्र संख्याः एससीबी–501/2018 दिनांक 27.04.2019 द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन–2019 की प्रक्रिया के समापन के उपरान्त उत्तर प्रदेश पुलिस खेलों के आयोजन हेतु संलग्न संशोधित वार्षिक खेलकूद कैलेण्डर–2019 के अनुसार अपने–अपने ज़ोन की अन्तर जनपदीय/अन्तर वाहिनी/इकाई प्रतियोगितायें आयोजित कराने की व्यवस्था करने, यथा समय ज़ोनल टीमें गठित कराकर उ0प्र0 पुलिस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु भेजने तथा संशोधित वार्षिक खेलकूद कैलेण्डर की प्रति अपने अधीनस्थ समस्त जनपद/इकाईयों को भेजने हेतु समस्त सचिव, ज़ोनल खेलकूद समिति, उ0प्र0 को निर्देशित किया गया है।

● दिनांक 21.04.2019 : 35वीं वाहिनी पीएसी, लखनऊ में श्रीमती नीलम सिंह, अध्यक्षा, वामा सारथी (उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन) के तत्वावधान में उ0प्र0 पुलिस परिवार व बच्चों हेतु स्वास्थ्य कॉर्निवल तथा कैरियर कॉउन्सलिंग सम्पन्न हुई जिसमें पुलिस लाइन व पुलिस मॉर्डन स्कूल के छात्र/छात्राएँ, पुलिस परिवार के बच्चे व उनके माता–पिता सम्मिलित हुए।

श्रीमती सिंह ने द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया व महिलाओं के स्वास्थ्य की महत्ता, परिवार में उनकी केन्द्रीय भूमिका व महिलाओं को स्वयं सक्षम बनने पर प्रकाश डाला। श्रीमती सिंह ने कार्यक्रम में बच्चों के उज्जवल भविष्य हेतु मार्गदर्शन, संवाद सत्र में दुविधाओं/ भ्रम दूर करने, प्रतिस्पर्धा के वर्तमान दौर में नये पाठ्यक्रम व नयी सम्भावनाओं का अपनी योग्यता, लगन और रुचि के अनुसार चयन कर आगे बढ़ने व भविष्य सँवारने के अवसरों को स्पष्ट किया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र (स्वास्थ्य चर्चा) में के0जी0एम0यू0 से डॉ0 संदीप तिवारी, डॉ0 नरसिंह वर्मा व डॉ0 सिद्धार्थ कुँवर तथा हेल्थ ज़ोन की सुश्री सिमरन साहनी व साइकोलॉजिस्ट, डॉ0 नेहा आनन्द ने बच्चों एवं परिजनों को अच्छे स्वास्थ्य के लाभ/महत्ता, स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारियाँ व स्वास्थ्य जागरुकता संदेश दिये।

द्वितीय सत्र (कैरियर कॉउन्सलिंग) में डॉ. अमृता दास, इन्स्टीट्यूट आफ कैरियर स्टडी, डॉ0 सुरभी मोदी सहाय, क्लेट, श्री विजय प्रताप सिंह, ध्येय आईएएस, श्री अशोक रघुवंशी, रघुवंशी क्लासेज़, श्री शैलेन्द्र त्रिपाठी, रेजोनेन्स क्लासेज़ व श्री शिवम शुक्ला, शील्ड डिफेन्स अकादमी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने प्रतियोगी परीक्षाओं, इन्जीनियरिंग, मेडीकल, कॉमर्स आदि पढ़ाई व सशस्त्र बलों में चयन हेतु अभिभावकों एवं छात्रों का मार्गदर्शन किया।

बच्चों ने 'मेरी भारत माँ' नृत्य नाटिका प्रस्तुत की व पर्यावरण सुरक्षा तथा कन्या भ्रूण हत्या आदि सामाजिक मुद्दों पर जागरुक किया। कार्यक्रम में उ0प्र0 पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी सहित अन्य कार्यकर्ती उपस्थित रहीं।




● कार्यालय अपर पुलिस महानिदेशक, लॉजिस्टिक्स के पत्र संख्याः लाजि0–परिवहन–लखनऊ जोन/इकाई–गोष्ठी/19 दिनांक 04.04.2019 द्वारा दिनांक 18.02.2019 को लखनऊ ज़ोन तथा दिनांक 20.02.2019 को लखनऊ स्थित समस्त इकाईयों के परिवहन शाखा के प्रभारियों की सम्पन्न गोष्ठी में कतिपय उठाये गये बिन्दुओं पर कार्यवाही कर अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश दिये गये हैं।

### लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2019 के 04 चरणों के लिये पुलिस दूरसंचार व्यवस्था हेतु उपकरणों/स्टाफ का व्यवस्थापन

उत्तर प्रदेश में लोक सभा सामान्य निर्वाचन–2019 के 04 चरणों क्रमशः दिनांक 11.04.2019 को 08, दिनांक 18.04.2019 को 08, दिनांक 23.04.2019 को 10 एवं दिनांक 29.04.2019 को 13 सीटों पर सकुशल मतदान हेतु पुलिस रेडियो मुख्यालय द्वारा निम्नानुसार वायरलेस सेट एवं रेडियो स्टाफ का व्यवस्थापन किया गया है–

| क्र0 | चरण | उपलब्ध कराये गये संचार उपकरण | | उपलब्ध कराया गया रेडियो स्टाफ | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्टे0/मोबा0 सेट | हैण्ड हेल्ड सेट | RI | RSI | HOM | HO | AO | TOTAL |
| 1 | प्रथम | 1855 | 1996 | - | 12 | 16 | 35 | 10 | 73 |
| 2 | द्वितीय | 1324 | 1215 | - | 10 | 11 | 20 | 07 | 48 |
| 3 | तृतीय | 1952 | 1625 | 01 | 19 | 14 | 26 | 04 | 64 |
| 4 | चतुर्थ | 2858 | 2454 | 01 | 31 | 09 | 45 | 04 | 90 |
| कुल योग | | 7989 | 7290 | 02 | 72 | 50 | 126 | 25 | 275 |

| उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार मुख्यालय पर नियुक्त रहे वरिष्ठ अधिकारीगण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र0 | नाम | संवर्ग | पदनाम | कब से | कब तक |
| 1 | श्री सुजीत पाण्डेय | आई0पी0एस0 | अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार | 12.01.2019 | 20.02.2019 |
| 2 | श्री एस0के0 रिज़वी | आई0पी0एस0 | पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक, रेडियो संचार | 31.03.1997 | 13.10.1997 |
| 3 | श्री आर0एस0 ढिल्लन | आई0पी0एस0 | पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक, रेडियो संचार | 30.09.1997 | 25.07.2001 |
| 4 | डा0 कश्मीर सिंह | आई0पी0एस0 | पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक, रेडियो संचार | 16.08.2001 | 02.09.2002 |
| 5 | श्री ब्रज मोहन सारस्वत | आई0पी0एस0 | पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक, रेडियो संचार | 02.09.2002 | 01.03.2004 |
| 6 | श्री एस0के0 सक्सेना | आई0पी0एस0 | पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक, दूरसंचार | 01.03.2004 | 11.10.2004 |
| 7 | श्री जगमोहन यादव | आई0पी0एस0 | पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक, दूरसंचार | 30.11.2004 | 08.06.2005 |
| 8 | श्री के0के0 सक्सेना | आई0पी0एस0 | पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक, दूरसंचार | 20.09.2005 | 01.12.2006 |
| 9 | श्री के0एन0डी0 द्विवेदी | आई0पी0एस0 | पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक, दूरसंचार | 22.12.2006 | 02.02.2007 |
| 10 | श्री जगमोहन यादव | आई0पी0एस0 | पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक, दूरसंचार | 07.05.2007 | 14.05.2007 |
| 11 | श्री सुलखान सिंह | आई0पी0एस0 | पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक, दूरसंचार | 06.06.2007 | 14.06.2007 |
| 12 | श्री विजय सिंह | आई0पी0एस0 | पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक, दूरसंचार | 14.06.2007 | 12.09.2008 |
| 13 | श्री रामदेव | आई0पी0एस0 | पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक, दूरसंचार | 12.09.2008 | 05.02.2009 |
| 14 | श्री सुजान वीर सिंह | आई0पी0एस0 | पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक, दूरसंचार | 06.02.2009 | 29.08.2013 |
| 15 | श्री असीम अरुण | आई0पी0एस0 | पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक, दूरसंचार | 23.12.2013 | 14.09.2014 |
| 16 | श्री भजनी राम मीणा | आई0पी0एस0 | पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक, दूरसंचार | 30.01.2015 | 09.06.2015 |
| 17 | श्री प्रमोद कुमार मिश्र | आई0पी0एस0 | पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक, दूरसंचार | 30.06.2015 | 18.07.2015 |
| 18 | श्री वी0के0 गर्ग | आई0पी0एस0 | पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक, दूरसंचार | 04.11.2016 | 31.03.2017 |
| 19 | श्री सुजीत पाण्डेय | आई0पी0एस0 | पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक, दूरसंचार | 17.09.2017 | 03.02.2018 |
| 20 | श्री जगमोहन यादव | आई0पी0एस0 | पुलिस उप महानिरीक्षक (दूरसंचार) मुख्यालय | 20.06.2001 | 01.07.2002 |
| 21 | श्री आलोक प्रसाद | आई0पी0एस0 | पुलिस उप महानिरीक्षक (दूरसंचार) मुख्यालय | 01.07.2002 | 03.10.2002 |
| 22 | श्री एस0के0 गर्ग | आई0पी0एस0 | पुलिस उप महानिरीक्षक (दूरसंचार) मुख्यालय | 11.10.2002 | 07.12.2002 |
| 23 | श्री जी0पी0 शर्मा | आई0पी0एस0 | पुलिस उप महानिरीक्षक (दूरसंचार) मुख्यालय | 07.12.2002 | 07.03.2003 |
| 24 | श्री मो0 जावेद अख्तर | आई0पी0एस0 | पुलिस उप महानिरीक्षक (दूरसंचार) मुख्यालय | 08.03.2003 | 09.07.2003 |
| 25 | श्री के0के0 सक्सेना | आई0पी0एस0 | पुलिस उप महानिरीक्षक (दूरसंचार) मुख्यालय | 28.06.2004 | 19.09.2005 |
| 26 | श्री के0के0 त्रिपाठी | आई0पी0एस0 | पुलिस उप महानिरीक्षक (दूरसंचार) मुख्यालय | 09.02.2007 | 07.02.2008 |
| 27 | श्री प्रभात कुमार | आई0पी0एस0 | पुलिस उप महानिरीक्षक (दूरसंचार) मुख्यालय | 12.02.2008 | 15.02.2008 |
| 28 | श्री के0के0 त्रिपाठी | आई0पी0एस0 | पुलिस उप महानिरीक्षक (दूरसंचार) मुख्यालय | 15.02.2008 | 18.04.2008 |
| 29 | श्री वाई0के0 पचौरी | आई0पी0एस0 | पुलिस उप महानिरीक्षक (दूरसंचार) मुख्यालय | 10.06.2008 | 08.07.2008 |
| 30 | श्रीमती नीरा रावत | आई0पी0एस0 | पुलिस उप महानिरीक्षक (दूरसंचार) मुख्यालय | 05.07.2008 | 19.06.2009 |
| 31 | श्री एच0आर0 शर्मा | आई0पी0एस0 | पुलिस उप महानिरीक्षक (दूरसंचार) मुख्यालय | 29.06.2009 | 26.08.2009 |
| 32 | सुश्री तनुजा श्रीवास्तवा | आई0पी0एस0 | पुलिस उप महानिरीक्षक (दूरसंचार) मुख्यालय | 26.08.2009 | 03.06.2010 |
| 33 | श्री बी0पी0 जोगदण्ड | आई0पी0एस0 | पुलिस उप महानिरीक्षक (दूरसंचार) मुख्यालय | 04.06.2010 | 18.07.2010 |
| 34 | श्री एल0 रवि कुमार | आई0पी0एस0 | पुलिस उप महानिरीक्षक (दूरसंचार) मुख्यालय | 17.02.2011 | 02.08.2011 |
| 35 | श्री एच0आर0 शर्मा | आई0पी0एस0 | पुलिस उप महानिरीक्षक (दूरसंचार) मुख्यालय | 10.08.2011 | 13.02.2012 |
| 36 | श्री मोहित अग्रवाल | आई0पी0एस0 | पुलिस उप महानिरीक्षक (दूरसंचार) मुख्यालय | 01.08.2013 | 09.08.2014 |
| 37 | श्रीमती अपर्णा कुमार | आई0पी0एस | पुलिस उप महानिरीक्षक (दूरसंचार) मुख्यालय | 05.02.2016 | 17.02.2016 |
| उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार मुख्यालय पर नियुक्त रहे पुलिस रेडियो संवर्ग के वरिष्ठ अधिकारीगण | | | | | |
| 1 | श्री आर0एस0 द्विवेदी | | निदेशक(पुलिस दूरसंचार) | 07.02.2015 | 31.03.2015 |
| 2 | श्री आर0के0 वैश्य | | उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय | 08.05.1995 | 31.05.2000 |
| 3 | श्री रामेश्वर दयाल | | उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय | 21.12.1996 | 31.12.1996 |
| 4 | श्री ए0के0 निगम | | उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय | 01.01.1997 | 30.06.2006 |
| 5 | श्री चन्द्र पाल शर्मा | | उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय | 15.02.2013 | 30.06.2013 |
| 6 | श्री आर0एस0 द्विवेदी | | उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय | 10.08.2014 | 07.02.2015 |
| 7 | श्री अनिल कुमार | | उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय | 15.07.2015 | निरन्तर |
| 8 | श्री सुनील कुमार सिंह | | उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय | 15.07.2015 | निरन्तर |
| 9 | श्री सत्य प्रकाश सिंह | | उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय | 15.07.2015 | निरन्तर |
| 10 | श्रीमती सुनीता शर्मा | | उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय | 15.07.2015 | निरन्तर |

सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर
डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।

मुद्रक – शिवा PRESS ☎ 95989 666 88 KAPOORTHALA, LUCKNOW

प्रतियाँ – 300